# भगवन् तेरी आराधना...

भगवन्  तेरी आराधना, मेरी जींदगीकी शान हो
बस ऐक यही वरदान हो, मेरी आत्मा बलवान हो...(२)

मुझे सुख की कोइ परवाह नहीं, दुःखमें निकले आह नहीं
बस ऐक तेरा ध्यान हो, होठों पें तेरा नाम हो
भगवन् तेरी आराधना, मेरी जींदगीकी शान हो...

पथमें हजारों विघ्न भी, आऐ डिगाने जो अगर
चाहे सामने शैतान हो, मेरे प्राण भी कुरबान हो
भगवन् तेरी आराधना, मेरी जींदगीकी शान हो...

दौलत रहे या ना रहे, खुशींया रहे चाहे गम रहे
चाहे आंधी या तुफान हो, विचलीत न मेरा ध्यान हो
भगवन् तेरी आराधना, मेरी जींदगीकी शान हो...

तुं सूर्य है मैं कमलिनी, तुं चंद्र है मैं कुमुदिनी
तव कमल पथमें स्थान हो, मुक्ति ही मेरी शान हो
भगवन् तेरी आराधना, मेरी जींदगीकी शान हो...

तुं धर्म भानु लोकमें, तेरे ये दिव्य आलोकमें
मीटे तिमिर ज्ञान विज्ञान हो, मुक्तिमें मेरा ध्यान हो
भगवन् तेरी आराधना, मेरी जींदगीकी शान हो...